तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 22 मार्च 2024

9 मेरिट सूची में तानिया प्रथम तो मनीषा द्वितीय



10 नेटबॉल में हरियाणा ने तेलंगाना को हराया



## खबर संक्षेप

### डंपर ने बुजुर्ग महिला को कुचला, मौत

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के देवड़ू गांव में घर से बुग्गी का रिम लेने के लिए निकली बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार डंपर ने चपेट में ले लिया। हादसे में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने बुजुर्ग महिला को मृत घोषित कर दिया। गांव कुराड़ निवासी सुमेर ने बताया कि उसकी पत्नी सुशीला (62) गांव से बुग्गी का रिम लेने के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक वापिस नहीं लौटी। अपने स्तर पर तलाश शुरू की। जानकारी मिली कि उसकी पत्नी गांव देवड़ू के पास सड़क हादसे में घायल होकर नागरिक अस्पताल में गई है। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि डंपर चालक की तलाश की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### जेवर व नकदी चोरी करने का आरोपित काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने घर ताला तोड़कर आभूषण व नकदी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकित निवासी खेड़ी मुज्जफरनगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। गांव सेरसा निवासी प्रदीप ने गत 16 मार्च को शिकायत देकर बताया कि गत 15 व 16 की रात को परिवार व अपने भाई के साथ गांव में जागरण में गए हुए थे। देर शाम अपने-अपने घर पर पहुंचे। दोनों भाइयों के घरों के ताले टूटे हुए मिले। सामान की जांच की तो अमलमारी से सोने की अंगू, एक किलो चांदी के आभूषण, एक जोड़ी कानों के झुमके व आठ हजार रुपये की राशि व उसके भाई के घर से सोने की अंगूठी, पांच तोले की चांदी की चैन, व पांच हजार रुपये की राशि सहित अन्य सामान गायब मिला। मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है।

### कार ने बाइक को टक्कर मारी, दो घायल

**खरखौदा।** पीपली गांव के पास मोटरसाइकिल व कार की टक्कर में मां बेटा घायल हो गए हैं। गांव पहलादपुर दिल्ली निवासी गौरव ने बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल पर अपनी मां सुनीता के साथ अपने गांव पहलादपुर जा रहा था। जब वह पीपली गांव के पास पहुंचा तो एक कार ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे वे दोनों घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें पीजीआई रोहतक इलाज के लिए दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आचार संहिता से लटका 76 सड़कों जीर्णोद्धार, 29 करोड़ होने थे खर्च

**मार्केटिंग बोर्ड से जिप को मिली थी 91 सड़कें**

## 76 में से 42 सड़कों की होगी वार्षिक मरम्मत, 34 की विशेष मरम्मत तैयार किए जा रहे थे प्रपोजल, अब महीनों तक करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले की कुल 76 सड़कों का जीर्णाद्धार करने की तैयारियां शुरू जिला परिषद ने शुरू की थी कि आचार संहिता लग गई। जिला परिषद द्वारा इन सड़कों पर कुल 29 करोड़ से अधिक की रकम खर्च की जानी थी। सड़कों की मरम्मत के लिये विभाग ने प्रपोजल तैयार करना शुरू किए थे, कि इसी बीच आचार संहिता लग गई। ये 76 सड़कें उन 91 सड़कों में शामिल हैं, जोकि प्रदेश सरकार के आदेशों के बाद हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड से जिला परिषद को सौंपने के लिये कहा गया था। इन 91 सड़कों में से 87 सड़कों को लेकर काम शुरू कर दिया गया था। इसमें से कुल 76 सड़कों को मरम्मत की जरूरी है, इसी वजह से इन 76 सड़कों के ही प्रपोजल तैयार किए जा रहे थे।

बता दें कि प्रदेश सरकार के आदेशों के बाद हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड द्वारा प्रदेश भर में संभाले जा रहे 5 करम तक की चौड़ाई वाली सड़कों को जिला परिषद को सौंपने को निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के बाद 91 सड़कों की लिस्ट जिला परिषद को सौंपी गई थी।

### 2 निगम में गई, 9 दुरुस्त

मार्केटिंग बोर्ड द्वारा 91 सड़कों की सूची सौंपी गई थी। इसमें से 89 सड़कों को टेकओवर



किया गया था। इनमें से राई क्षेत्र की 2 सड़कों को नगर निगम के हवाले किया गया है। वहीं 91 में से 2 सड़कें डिफेक्ट लाइबिल्टी पीरियड की वजह से टेकओवर नहीं की गई। इस तरह से कुल 87 सड़कों का जिला परिषद द्वारा देखरेख किया जाएगा। इसमें से 11 सड़कों की हालत दुरुस्त है, जिसकी वजह से 76 सड़कों की मरम्मत किया जाना प्रस्तावित था।

**42 की वार्षिक तो 34 की विशेष मरम्मत**

टेकओवर की गई 76 में से 42 सड़कों के वार्षिक मरम्मत के प्रपोजल तैयार किए जा रहे थे। वहीं 34 सड़कों के विशेष मरम्मत प्रपोजल तैयार किए जा रहे थे। वार्षिक मरम्मत के तहत सड़कों की जरूरत के हिसाब से हलकी मरम्मत होगी। इसी वजह से इन सड़कों का प्रपोजल भी कम रकम होगा। वहीं विशेष मरम्मत के तहत सड़कों पर ज्यादा काम होगा। इन सड़कों अधिक काम की जरूरत भी है, इसी वजह से इन सड़कों का प्रपोजल ज्यादा रकम का होगा। लगभग प्रपोजल तैयार हो गए थे, लेकिन आचार संहिता के कारण अब प्रपोजल तैयार करने का काम रोक दिया गया है।

### किस विधानसभा से कितनी सड़कों का टेकओवर

**बरोदा :** यहां की कुल 31 सड़कें मार्केटिंग बोर्ड से जिला परिषद ने टेकओवर की है। इसमें सबसे पुरानी सड़क खानपुर से गोहाना-जींद रोड है, जोकि 1993 में बनी थी। 3.20 किलोमीटर लंबी सड़क की पिछ्ली बार विशेष मरम्मत 2020 में हुई थी। इस विधानसभा में सबसे लंबी 7 किलोमीटर की सड़क बनवास से भंडेरी की है।

**गन्नौर :** यहां की कुल 6 सड़कें ही जिला परिषद ने टेकओवर की हैं। इनमें सबसे पुरानी सड़क 1995 में बनी पीरगढ़ी से दातौली वाया बेगा सड़क है, जोकि 2.10 किलोमीटर लंबी है। इस सड़क की 2008 में विशेष मरम्मत हुई थी। इनमें सबसे लंबी सड़क जाहरी से देवड़ू रोड की है, जोकि 3.29 किलोमीटर लंबी है।

**गोहाना :** जिला परिषद ने गोहाना की 8 सड़कों को टेकओवर किया है। सभी सड़कें 2018 के बाद ही बनी है, इनमें सबसे लंबी सड़क न्यात से गढ़ी सरायं नामदार खान की सड़क है, जोकि 6.56 किलोमीटर लंबी है।

**खरखौदा :** इस विधानसभा की कुल 17 सड़कों को जिला परिषद ने टेकओवर किया है। इसमें सबसे पुरानी सड़क 2002 में बनी गोपाल से सोहटी और रिढाऊ से फरमाणा की सड़कें हैं। जोकि क्रमश: 6.60 किलोमीटर और 0.59 किलोमीटर लंबी है। गोपालपुर से सोहटी सड़क ही सबसे लंबी सड़क हैं।

**राई :** जिला परिषद ने यहां की 27 सड़कों को टेकओवर किया है, जिसमें से 2 सड़कें नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में चली गई हैं। इसमें 4.95 किलोमीटर लंबी मेहंदीपुर से दीपालपुर की सड़क सबसे लंबी सड़क हैं। यहां की किसी भी सड़क की विशेष मरम्मत नहीं की गई है, क्योंकि अधिकतर सड़कें 20019 के बाद ही बनी है।

### आचार संहिता हटते ही निर्माण करवाया जाएगा

> जिला परिषद की तरफ से 76 सड़कों का जीर्णोद्धार करने के लिए प्रस्ताव तैयार किए जा रहे है। अब आचार संहित के चलते इन पर काम नहीं हो पाएगा। आचार संहित हटते ही इन सड़कों का निर्माण कराया जाएगा।
> सुशील मलिक, सीईओ, जिला परिषद, सोनीपत

# लूटने का षड्यंत्र रचने के दोषियों को सात-सात साल कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर थाना क्षेत्र में राहगीरों से लूट का षड़यंत्र रचने के तीन आरोपितों को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल सपरा की अदालत ने तीनों को सात-सात साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। तीनों के कब्जे से तीन तमंचे व कारतूस बरामद किए गए थे। दो दोषी दिल्ली व एक उत्तराखंड का रहने वाला है।

### ये था मामला

एसआईटी में नियुक्त रहे तत्कालीन एएसआई जितेंद्र कुमार ने 8 दिसंबर, 2017 को शहर थाना पुलिस को बताया था कि वह अपनी टीम के साथ रात को गोहाना बाईपास पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि तीन युवक राहगीरों को लूटने का षड्यंत्र रच रहे हैं। जिस पर टीम तुरंत रेलवे ओवरब्रिज के पास पहुंच गई थी। टीम ने एएसआई बिजेंद्र को सादे कपड़ों में ओवरब्रिज की तरफ भेजा था। जब वह वहां से गुजरने लगे थे तो तीनों युवकों ने उन्हें पकड़ लिया था। इसी बीच पुलिस टीम ने छापा डालकर तीनों को काबू कर लिया था। युवकों की तलाशी में उनके पास से तीन तमंचे व तीन कारतूस बरामद किए गए थे। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। आरोपितों की पहचान मूलरूप से उत्तराखंड के अलमोड़ा जिला के गांव कुंधार व घटना के समय दिल्ली के पहलादपुर निवासी सुशील उर्फ पवन, दिल्ली के गांव बरवाला निवासी अक्षय उर्फ आशू व विनय के रूप में दी थी।



अदालत ने दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

### जुर्माना न भरने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी

पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए एएसजे विमल सपरा ने तीनों आरोपितों को दोषी करार दिया है। तीनों को सात-सात साल कैद व पांच-पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी।

# दुकान में चोरी करने का आरोपित काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने दुकान से रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रामनंद उर्फ टीटू निवासी गांव भैंराबांकेपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा दिया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

गांव खटखड़ निवासी सुभाष चंद्र ने गत 3 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपने घर पर ग्राउंड फ्लौर पर सरिता जरनल स्टोर के नाम से दुकान चलाता है। प्रथम तल पर परिवार के साथ रहता है। गत 2/3 की रात को करीब 12.15 को दुकान का शट्र खुलने की आवाज आई। उसके बाद 5-7 मिनट बाद फिर शट्र गिने की आवाज आई। उसने बालकानी में आकर देखा तो दो लड़के निकलकर सड़क पर जा रहे थे। उसकी पत्नी ने चोर-चोर चिलाया। उसके बाद दोनों लड़के गांव भैरा की तरफ फरार हो गए। उसने दुकान में आकर देखा गल्ले से 38 हजार रुपये गायब मिले। लड़कों को भागते समय उन्हें पहचान लिया। जोकि दोनों कुनाल व राकेश थे। मामले को लेकर डायल-112 पर शिकायत दी। उसके बाद पुलिस कुनाल के घर पर लेकर पहुंची। पड़ोस में रहने वाले मास्टर के घर से सीसीटीवी की रिकार्डिंग देखा। जिसमें दोनों दुकान का शट्र खोलकर चोरी की है। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक उदय की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।



# मोहित व विकास के बीच बराबरी पर छूटा दंगल

**खरखौदा।** शहीद ताराचंद पहलवान व परमवीर चक्र विजेता कर्नल होशियार सिंह की स्मृति में गांव सिसाना में कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। पहले नंबर की कुश्ती मोहित ग्रेवाल बांमला व विकास सिसाना के बीच हुई। अतिरिक्त समय दिए के बावजूद अलग समय दिए जाने के बावजूद मुकाबला बराबर रहा। दोनों पहलवानों को 51 -51 हजार रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। दूसरे नंबर की कुश्ती भूरा पहलवान वीरेंद्र अखाड़ा नरेला व दीपक मांडोठी के बीच कराई गई। जिसमें भूरा पहलवान ने कुश्ती जीतकर 51 हजार रुपए का इनाम जीता। तीसरे नंबर की कुश्ती प्रदीप नरेंद्र अखाड़ा व दीपक छत्रसाल अखाड़ा के बीच कराई गई। जिसमें पहलवान दीपक ने कुश्ती जीत कर 31 हजार रुपए का इनाम जीता। दंगल के मुख्य अतिथि पूर्व उत्तराखंड डीजीपी एवं राई स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय निदेशक अशोक कुमार रहे। कुश्ती प्रेमी दर्शकों को संबोधित करते उन्होंने हुए कहा कि खेलों व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जिससे खिलाड़ियों को काफी लाभ पहुंचेगा। राई विश्वविद्यालय द्वारा खिलाड़ियों के लिए ऐसे कोर्स शुरू किए जाएंगे जिससे खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ रोजपरक शिक्षा मिल सके। दसवीं करने के बाद खिलाड़ियों के सामने यह समस्या आ रही है कि वह खेलों पर ध्यान दें या शिक्षा पर। इस दुविधा के निवारण के लिए बीए बीएससी स्पोर्टस कोर्स शुरू किए जाएंगे, ताकि खेल व शिक्षा दोनों एक साथ पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश को खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुपर पावर बनाना है, तो स्पोर्ट्स साइंस को बढ़ावा देना होगा। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पवन खरखौदा, हरिओम कौशिक सिसाना, कुलदीप पहलवान, विजेंद्र चोटीवाला व अन्य अतिथियों का पगड़ी बांध कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर विकास दहिया, बल्लू ठेकेदार, मास्टर रामपाल, दिलावर, पूर्व सरपंच कृष्ण, कुलदीप, अंतरराष्ट्रीय पहलवान नरेश बरोना व अन्य मौजूद रहे।



**खरखौदा।** पहलवानों का हाथ मिलवाते द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप दहिया।

# 14 लाख रुपये से होगी सीवर लाइन की सफाई

**गन्नौर।** सीवर लाइन की सफाई के लिए शहर में 14 लाख 19 हजार रुपये की लागत से सफाई होगी, ताकी मानसून के समय में जलभराव न हो। इसके लिए विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। सफाई का कार्य दो महीने में पूरा होगा। इसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। 22 मार्च को टेंडर की बिड खोली जाएगी। जिसके बाद नियमानुसार किसी एक एजेंसी को टेंडर अलाट कर सीवरेज लाइन की सफाई का काम शुरू करवा दिया जाएगा। शहर की सड़कों पर बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निजात पाने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा सीवर लाइनों की सालाना सफाई करवाई जाती है। शहर की सीवर लाइनों से पानी ईदगाह रोड पर बने डिस्पोजल तक पहुंचता है, जहां से बड़ी बड़ी मोटरों के माध्यम से दूषित पानी को अगवानपुर रोड स्थित एसटीपी प्लांट तक पहुंचाया जाता है और एसटीपी से ड्रेनों में पानी डाला जाता है। सफाई होने के काफी दिन बाद जिन सीवर लाइनों से जलनिकासी होती है, उनमें फिर कचरा भर जाता है। जिस वजह से उनकी हर साल सफाई करवाना अनिवार्य होता है। यदि सफाई न करवाई जाए तो इनमें रुकावट हो जाती है और बरसात आने पर शहर की सड़कें जलमग्न हो जाती हैं। ऐसे में विभाग ने सीवर लाइन की सफाई का कार्य समय पर पूरा करने के लिए टेंडर लगाया है।

# जलघर से सीमेंट के कट्टे चोरी करने वाले गिरफ्तार

**सोनीपत।** सदर थाना सोनीपत पुलिस ने गांव तिहाड़ कलां सरकारी जल घर से सीमेंट के कट्टे चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सरवन उर्फ सीटू, सहदेव उर्फ गुठा निवासी गांव तिहाड़ कलां व सचिन उर्फ चिना निवासी गांव जागसी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।गांव निदाना रोहतक निवासी पवन ने गत 3 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि कई महीनों से ललित ठेकेदार के पास काम करता है। हाल में सरकारी जलघर का गांव हसनयारपुर तिहाड़ कलां में का टैंडर ले रखा है। इस टैंडर के लिए गत 1 मार्च को देर शाम शिव मंदिर के पास बने कमरे पर 500 कट्टे सीमेंट के रखे हुए है। रात को किसी ने 250 कट्टे चोरी हो गए। अपने स्तर पर सीमेंट की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक सलेंद्र की टीम ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। पुलिस ने सामान भी बरामद किया है।

**वृद्धि की दर पर मिलेगा प्रशंसा पत्र, 15 प्रतिशत पर ताम्र, 20 पर रजत और 30 पर स्वर्ण पत्र**

# विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी तो विद्यालय होंगे सम्मानित

## शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी कर विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नए शैक्षणिक सत्र को लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा पत्र जारी करते हुए विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया है। निदेशालय ने विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाने को प्रोत्साहित करने के लिये सम्मानित करने का निर्णय भी लिया है। इसके तहत नई योजना तैयार की गई है। नई योजना के अनुसार ज न विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगा, उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

हालांकि तीन अलग-अलग स्लैब तैयार की गई हैं, जिसके तहत प्रशंसा पत्र दिए जाएंगें। इसके अलावा जिस विद्यालय में ड्रॉपआउट रेट बढ़ेगा, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। नई शिक्षा नीति के तहत अब राजकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**प्रवेश उत्सव :** शहीदी दिवस से बैसाखी तक चलने वाले प्रवेश उत्सव में दाखिले के लिए बेहतर प्रयास करने वाले विद्यालयों, अध्यापकों, एसएमसी व पंचायतों को प्रशंसा-पत्र दिए जाएंगे। विद्यालयों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पत्र प्रशंसा से सम्मानित किया जाएगा। इसको लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सभी शिक्षा अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी किए हैं।

### ये शर्तें रखी है विभाग ने



विद्यालयों को प्रशंसा पत्र प्राप्त करने के लिए कई शर्तों का पालन करना होगा। जिसमें 100 फीसदी नामांकन, 30 मई तक 100 फीसदी ठहराव सुनिश्चित करना व जीरो ड्रॉपआउट के लक्ष्य को प्राप्त करना होगा। साथ ही वर्ष 2023-24 की विद्यार्थी संख्या में 30 फीसदी वृद्धि करने पर स्वर्ण-पत्र प्रशंसा, 20 फीसदी वृद्धि करने पर रजत-पत्र प्रशंसा व 15 फीसदी वृद्धि करने पर विद्यालय ताम्र-पत्र प्रशंसा के पात्र होंगे। यही नहीं किसी विद्यालय की छात्र संख्या कम होती है या ड्रॉपआउट होने वाले विद्यार्थियों की संख्या पांच फीसदी से अधिक होती है तो स्कूल पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

> विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी राजकीय स्कूलों में विद्यार्थी संख्या बढ़ाने पर जोर दिया है। जिसके तहत राजकीय स्कूलों में शहीदी दिवस से बैसाखी तक प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। दाखिले के लिए बेहतर प्रयास करने वाले स्कूलों को सम्मानित भी किया जाएगा। ड्रॉपआउट रेट बढ़ने पर विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> **-नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

# लोक निर्माण विभाग ने झिंझौली में तोड़ा मकान का एक हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

लोक निर्माण विभाग के अधिकारी पुलिस बल के साथ झिंझोली गांव पहुंचे और जेसीबी से मकान के एक हिस्से को तुड़वा दिया। अधिकारियों का कहना है कि हलालपुर झिंझौली मार्ग का निर्माण कार्य किया गया था। दोनों तरफ नालों का निर्माण कार्य किया जाना है। जिसमें से करीब 25, 26 लोगों के मकान सड़क में आए हुए थे। पैमाइश करके उनमें से 25 मकान को पहले तोड़ा जा चुका है। जबकि एक मकान रह गया था। मकान मालिक ने आश्वासन दिया था कि वह खुद ही अपने मकान के उसे हिस्से को हटा लेगा। लेकिन बार-बार कार्रवाई के बावजूद भी संबंधित मकान मालिक ने अपने मकान के हिस्से को नहीं तुड़वाया। चार बार पुलिस प्रशासन के साथ लोक निर्माण विभाग पहुंच चुका था, लेकिन हर बार आश्वासन के चलते वापस लौट रहे थे। इस बार पुलिस प्रशासन के साथ मौके पर पहुंची लोक निर्माण विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए मकान के उसे हिस्से को तोड़ दिया। पीड़ित का कहना है कि उनके मकान को जान बूझकर तोड़ा गया है। जबकि प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि अभी उनका मकान नहीं तोड़ा जाएगा। परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। पीछे से लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने गांव के कुछ लोगों के साथ मिलीभगत करके यह कार्रवाई की है। जबकि लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अनिल चहल का कहना है कि नियमों के अनुसार कार्रवाई की गई है। अब जल्द ही नाला निर्माण कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि नाला निर्माण में यह मकान रुकावट बना हुआ था। जिसके कुछ हिस्से को तोड़ा जाना था।



# अवैध वसूली के आरोपित से नकदी और गाड़ी बरामद

**गन्नौर।** अवैध वसूली करने के आरोप में गिरफ्तार हुए आरोपित धर्मा उर्फ धर्मराज का गुरुवार को रिमांड समाप्त हुआ। रिमांड अवधि के दौरान बड़ी थाना पुलिस ने आरोपित के कब्जे से अवैध रूप से वसूल किए गए रुपयों में से 4600 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने वसूली के लिए प्रयुक्त की गई गाड़ी को भी कब्जे में ले लिया है। रिमांड समाप्त होने के बाद पुलिस ने आरोपित धर्मा उर्फ धर्मराज को अदालत में पेश किया। जिसके बाद अदालत के आदेशानुसार से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस ने एक और आरोपित फौजी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जानकारी देते हुए बडी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि आरोपित धर्मा और फौजी ने मिल कर अवैध वसूली करने की योजना बनाई। दोनो मिल कर गाड़ी मकैनिक रहमत से अवैध वसूली करने लगे थे। वह हर महीने रहमत से 25 हजार जमा करवाते थे।

सेलिब्रेशन
शिखर चंद जैन

# दुनिया भर में मचती है होली की धमाल



बच्चों, होली सिर्फ अपने देश भारत ही में नहीं दुनिया के कई देशों में मनाई जाती है। कई देशों ने तो होली से प्रभावित होकर अपने देश में भी होली की शुरुआत कर दी है। आओ जानते हैं, विदेशों में होली कैसे खेली जाती है?

## द कलर रन

**ब्रिटेन की** राजधानी लंदन में भी होली के रंगों की बहार देखी जा सकती है। यहां 'द कलर रन' नाम का फेस्टिवल मनाया जाता है। इस अवसर पर खूब मौज-मस्ती और रंगों की बौछार के साथ जॉगिंग और रनिंग भी होती है। अपने नाम के मुताबिक ही इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले एकदम सफेद झक शर्ट पहन कर पांच किलोमीटर की दौड़ लगाते हैं। हर एक किलोमीटर का सफर तय करने पर रनर पर रंगों और तरह-तरह के गुलालों की बौछार की जाती है। *



## बोरायोंग मड फेस्टिवल

**साउथ कोरिया** से करीब 200 किलोमीटर दूर साउथ ऑफ सियोल में हर वर्ष गर्मियों में 'बोरायोंग मड फेस्टिवल' मनाया जाता है। अपने नाम के अनुसार ही इस फेस्टिवल में लोग एक-दूसरे पर कीचड़ और गीली मिट्टी लगाते हैं। लोगों को इस फेस्टिवल में खूब मजा आता है। यह फेस्टिवल निश्चित रूप से भारत के फाग उत्सव से ही प्रेरित है। *

## गार्मा फेस्टिवल



**ऑस्ट्रेलिया में** लोग रंगों के फेस्टिवल को गार्मा फेस्टिवल नाम से मनाते हैं। इस फेस्टिवल में शरीर को चमकीले और चटख रंगों से रंग कर पूरे दिन धमाल और नाच-गाना किया जाता है। यह फेस्टिवल ऑस्ट्रेलिया में अर्नहेम के गुलकुला नामक स्थान में मनाया जाता है। *

## लाइफ इन कलर



**बच्चों, जिस** त्योहार का नाम ही 'लाइफ इन कलर' यानी रंगों में जीवन हो, वह कितना जीवंत त्योहार होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। फ्लोरिडा (अमेरिका) में आयोजित किया जाने वाला यह फेस्टिवल ज्यादा पुराना नहीं है। इसे 2011 में एक कॉलेज फेस्ट के रूप में शुरू किया गया था। इस अवसर पर लोगों को रंगों से खेलना इतना पसंद आया कि अब यह फेस्टिवल हर साल सिर्फ फ्लोरिडा में ही नहीं, पूरी दुनिया में चर्चित हो चुका है। यह फेस्टिवल दुनिया की सबसे बड़ी पेंट पार्टी के रूप में पॉपुलर फेस्टिवल बन चुका है। *

## होली गार्डन फेस्टिवल



**स्पेन के** इबिजा द्वीप में भारत की होली से इंस्पायर होकर लोग 'होली गार्डन फेस्टिवल' मनाते हैं। इबिजा के बेनीमूसा पार्क में इस फेस्टिवल को बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। इसके अलावा और भी कई शहरों में इस फेस्टिवल को मनाया जाता है। सबसे पहले इबिजा में 21 अगस्त 2014 को पर्यटकों ने इस फेस्टिवल को मनाया था। इसके बाद हर साल इसे धूमधाम से मनाया जाता है। यह फेस्टिवल शाम 4.30 बजे शुरू होता है, जो मध्य रात्रि तक मनाया जाता है। *

## होली वन



**भारत के** पर्व होली ने दुनिया भर के लोगों को इतना मोह लिया है कि यह पर्व हर देश मानना चाहता है। साउथ अफ्रीका के केप टाउन में होली की तरह एक पर्व 'होली वन' के नाम से मनाया जाता है। इस दौरान हजारों लोग सफेद कपड़े पहनकर रंगों में सराबोर हो जाते हैं। इस दौरान खूब मौज-मस्ती करते हैं। यहां हमेशा इको फ्रेंडली, स्किन के लिए सेफ कलर ही यूज किए जाते हैं। साथ ही इस फेस्टिवल के दौरान शराब पीना, कांच तोड़ना या कीचड़ का इस्तेमाल करना सख्त मना होता है। केप टाउन में 'होली वन' फेस्टिवल बहुत शालीनता से मनाया जाता है। *

कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

नमन और गौरव बहुत अच्छे दोस्त हैं। लेकिन गौरव एक बात को लेकर नमन से नाराज हो गया। नमन ने होली के दिन उसके गुलाल लगाकर मनाने की सोची। क्या गौरव ने अपनी नाराजगी भूलकर नमन के गुलाल लगाने पर उसे गले लगाया?

# हैप्पी होली



होली नमन का सबसे पसंदीदा त्योहार है। पिछले साल तो नमन को होली का विशेष रूप से इंतजार था, क्योंकि उसे अपने दोस्त गौरव को गुलाल लगाकर मनाना था। कुछ दिन पहले गौरव ने उससे व्हाट्सएप पर एग्जाम की तैयारी वाली वर्कशीट्स मांगी थी। नमन ने देने के लिए हां तो कर दी, लेकिन बाद में भूल गया। वह दो-तीन दिन के लिए मम्मी-पापा के साथ अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने के लिए भोपाल चला गया था।

बस इसी बात से गौरव नाराज हो गया। गौरव को लगा, नमन ने उसे जानबूझकर वर्कशीट नहीं दी। हालांकि नमन ने गौरव से कहा कि उसके मन में ऐसी कोई बात नहीं थी। बस वर्कशीट भेजने की बात उसके दिमाग से ही निकल गई। नमन ने गौरव को बहुत समझाने की कोशिश की पर वह माना ही नहीं। नमन ने सोचा कि होली पर गौरव के घर जाकर उसे प्यार से गुलाल लगाएगा तो वह जरूर मान जाएगा। होली वाले दिन नमन अपनी पिचकारी और गुलाल की थैली लेकर गौरव के घर जा पहुंचा। उसने कई बार डोर बेल बजाई, लेकिन किसी ने दरवाजा ही नहीं खोला। बहुत देर तक डोर बेल बजाते रहने के बाद गौरव की दादी ने दरवाजा खोला। नमन ने उनके पांव छुए। दादी ने उसके सिर पर हाथ रखकर ढेर सारा आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया, 'गौरव को बुखार है, इसलिए वह होली नहीं खेल पाएगा।' यह सुनकर नमन उदास हो गया। अपनी पिचकारी और गुलाल वहीं गमले के पास रखकर वह भीतर गया तो देखा, गौरव अपने कमरे में सो रहा है। दादी ने नमन को गुझिया खिलाई। गौरव के मम्मी-पापा ने भी नमन को होली की शुभकामनाएं दीं।

नमन वापस आने को ही था कि गौरव की आवाज सुनाई दी, 'कौन है मम्मी?' नमन तुरंत गौरव के कमरे में गया। उसके पास जाकर बहुत प्यार से बोला, 'हैप्पी होली गौरव। दोस्त मुझे माफ करना, मैंने तुम्हारा दिल दुखाया है।'

यह सुनकर गौरव बोला, 'अरे नहीं, मैंने ही तुम्हें गलत समझा। तुम तो मुझे कितने ही सालों से पढ़ाई में मदद करते आए हो। मैं एक बार जरा सी भूल होने पर नाराज हो गया। माफी तो मुझे मांगनी चाहिए। मैंने सोचा था कि इस बार होली पर आकर तुम्हें गुलाल लगाकर सॉरी कहूंगा, लेकिन तबीयत ही खराब हो गई।'

नमन तुरंत बोला, 'मुझे खुशी है, हमारी दोस्ती का मुरझाया फूल एक बार फिर से खिल उठा है।' इसी बीच दादी थोड़ा-सा गुलाल लेकर आ गईं। दोनों बच्चों ने एक-दूसरे के गालों पर बहुत प्यार से गुलाल लगाया और बोले, 'हैप्पी होली!' *

## जीके क्विज-96

1. लोकसभा चुनावों के साथ किस पूर्वोत्तर राज्य में विधान सभा के चुनाव भी होंगे?
2. हाल में नियुक्त दो चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. देश के अगले लोकसभा के चुनाव कब से शुरू होंगे?
4. दूध की शुद्धता किससे नापी जाती है?
5. कीर्ति मंदिर स्थान का नाम किस महापुरुष से संबंधित है?
6. राइट बंधुओं का नाम किस खोज से जुड़ा है?
7. घूमर लोकनृत्य किस राज्य का लोकनृत्य है?
8. कर्क रेखा देश के कितने राज्यों में से होकर गुजरती है?
9. भारत में सबसे लंबी दूरी तक बहने वाली नदी कौन सी है?
10. ब्लादिमिर पुतिन एक बार फिर किस देश के राष्ट्रपति चुने गए?



**बच्चों, जीके क्विज-96 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-95 का उत्तर :** 1-नायब सिंह सैनी, 2- अग्नि 5, 3-शुतुरमुर्ग का अंडा, 4-मंगल ग्रह, 5-असम, 6-पश्चिम बंगाल, 7-दूध, 8-नालंदा विश्वविद्यालय, 9-भूटान, 10-आंध्र प्रदेश

**जीके क्विज-95 का सही उत्तर देने वाले:** ईशान-अहमदाबाद, सरबजीत-करनाल, रौनक-जांजगीर चांपा, आकांक्षा-अहमदाबाद, जयप्रकाश-मेल से, विजय प्रकाश-सिंगरौली, कबीर-हिसार, गीतेश-रायपुर, करन-मेल से, यश-धरसवा

## बूझो तो जानें

1
प्यारा रंगों का त्योहार
फागुन में आता हर बार।
उड़ता खूब अबीर, गुलाल
जल्दी बतलाओ मेरा नाम।।

2
प्लास्टिक या लोहे की होती
रंगों से है खूब भिगोती।
होली के दिन आती काम
बच्चों बताओ मेरा नाम।।

3
मेवा-मावा से है भरी
तली हुई प्लेटों में धरी।
फूला-फूला उसका पेट
नाम बताओ, करो ना देर।


-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर: 1-होली, 2-पिचकारी, 3-गुंझिया

कहानी
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

केतन अपने पापा और मामा जी के साथ होली के लिए बाजार में पक्के रंग खरीदने आया तो मामा जी रंग खरीदने के बजाय सब्जियां खरीदने लगे। खीझ कर जब केतन ने टोका तो मामा जी बोले, 'दिला तो दिए रंग!' पहले तो केतन को मामा जी की बात समझ नहीं, जब समझ में आई तो वह खुशी से चहक उठा। केतन इतना खुश क्यों हो गया?

# महकते हुए रंग



केतन स्कूल से घर आया तो चहकते हुए बोला, 'मम्मी! मुझे सौ रुपए दो।'

'सौ रुपए? अरे! भला क्यों!' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे मम्मी, होली आ रही है न। मुझे पक्के रंग खरीदने हैं। पता है, इस बार तो मैं अपने दोस्तों को खूब रंगूंगा। और वह जो दीपू है न, जो बिल्कुल नन्हा हाथी-सा लगता है। उसे तो चाहे कुछ भी हो जाए, मैं उसे सफेद पेंट से रंगूंगा। थाईलैंड का हाथी लगेगा वह.. हा.. हा हा..।'

'थाइलैंड का?' मम्मी चौंकीं, 'क्या मतलब!!' 'अरे मम्मी, बस... रुपए दो। ज्यादा बात नहीं अभी।' केतन मचला।

'लेकिन बताओ तो सही, मैं भी तो जानूं।' मम्मी बोलीं। केतन ने बताया, 'अरे मम्मी, थाइलैंड में सुनते हैं कि सफेद हाथी होते हैं। उसे सफेद हाथियों का देश कहा जाता है।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'लेकिन मेरे पास तो रुपए हैं नहीं। पापा आएं तो उनसे लेना।'

ऊं हूं...।' केतन ने पैर पटके और अपने कमरे में चला गया। शाम को पापा आए तो उनके साथ मामा जी भी थे। केतन उन्हें देखते ही चहक उठा, 'मामा जी, हैप्पी होली इन एडवांस।' 'हैप्पी होली, प्यारे..।' मामा जी ने आंखें मटकाईं फिर बोले, 'और होली पर क्या तैयारी है भांजेश्री?'

'कोई तैयारी नहीं मामा जी। आज दोपहर में ममा से रुपए मांगे थे। उन्होंने दिए ही नहीं।' फिर जैसे अचानक केतन को याद आ गया कि पापा से तो रुपए लेने हैं। वह मचलते हुए बोला, 'पापा, रुपए दीजिए। मुझे रंग लाना है।' मम्मी बीच में बोल पड़ीं, 'पापा और मामा से न पानी पूछा, न चाय। बस, अपनी फरमाइश पेश कर दी।'

'ओह मम्मी, वह तो आपका काम है न। मुझे तो रंग लाना है।' केतन हाथ हिलाते हुए बोला। मामा हंस पड़े, 'अरे! मैं तो सोचता था कि केतन बड़ा हो गया है, लेकिन यह तो अभी तक बच्चा ही है।'

'हां, बच्चा ही तो हूं मामा जी।... मुझे तो रंग लेने हैं। खूब गहरे और कभी न छूटने वाले।' केतन एकदम छोटा बच्चा-सा बन गया। 'ठीक है, ठीक है, चिंता न करो। रंगों के सेलेक्शन में मैं तुम्हारी मदद करूंगा।' मामा जी केतन के कंधे पर हाथ रखते हुए बोले। 'तो आप अभी बाजार चलेंगे न!' केतन ने बात पक्की करनी चाही।

'हां, हां.. चलेंगे.. जरूर चलेंगे।' मामा जी ने श्योर किया।

चाय-नाश्ता कर मामा और पापा के साथ केतन उछलता हुआ बाजार चल दिया। रास्ते में रंगों की दुकान दिखी। केतन पापा को उधर खींचने लगा, लेकिन मामा जी उन्हें दूसरी ओर ले गए। उधर एक बूढ़ी अम्मा पालक बेच रही थीं। मामा जी ने सारी खरीद ली।

केतन बोला, 'अब लें रंग...।' लेकिन मामा जी तो चुपचाप आगे बढ़ गए। उधर चुकंदर बिक रहे थे। मामा ने पांच किलो खरीद लिए। केतन खिसियाया, 'मामा जी, आपको सब्जी की पड़ी है। अरे! पहले रंग...!' मामा जी हंसे, 'अरे घबराओ नहीं, ले लेंगे।'

केतन अनमना-सा रंग की दुकानें देख रहा था। मामा जी तो इधर-उधर सब्जी और फलों की दुकानें ताक रहे थे। अब वे संतरे की दुकान पर ठिठक गए। दो दर्जन संतरे लिए। फिर डैडी से बोले, 'गाजर किधर मिलेंगी?

केतन झुंझला-सा गया, 'मामा जी, क्या आप भी...! अरे! अब बस भी करिए। ...गाजर तो मम्मी ने कल ही खरीदी थी।'

मामा जी इधर-उधर कुछ खोजते हुए बोले, 'अच्छा, तब ठीक है, लेकिन धनिया और पुदीना तो ले लें, फिर घर चलते हैं।'

'घर चलेंगे ...!' केतन मुंह बिचका कर बोला। मामा जी उसे देखकर जोर से हंस पड़े और बोले, 'केतन जी को गुस्सा आया, केतन जी ने मुंह बिचकाया।'

'मामा जी! आपकी सब्जियां देखकर मुंह बिचका रहा हूं।' केतन रुआंसा हो गया था। उसने पैर पटके। अपने पापा से बोला, ' आप रंग कब दिलाएंगे?'

'अरे! दिला तो दिए।' बीच में ही मामा जी बोले। 'कब..?' केतन आंखें फाड़कर बोला। मामा जी ने बताया, 'प्यारे, इन सब्जियों में ही तो रंग छिपे हैं, नेचुरल रंग। कल देखना, इनसे मैं कैसे कितने सारे रंग तैयार करता हूं। इन रंगों से कोई नुकसान भी नहीं होगा। जो रंग बाजार में बिक रहे हैं, उनमें केमिकल होता है। इस बार हम प्राकृतिक रंगों से होली खेलेंगे। घर पर रंग बनाएंगे, नए ढंग से होली मनाएंगे।'

केतन चहक उठा, 'अब समझा, आप तो नेचुरल रंग खरीद रहे थे। मैं तो बेकार में ही परेशान हो रहा था। मामा जी, मैंने घर में गुलाब के पौधे लगाए हैं। आप इनमें गुलाब के फूल भी डाल दीजिएगा। फिर तो महकते हुए रंग तैयार होंगे न!'

'वाह! प्यारे, तुम तो वास्तव में बहुत होशियार हो।' पापा और मामा जी दोनों एक साथ बोले। केतन उछलता-कूदता उनके साथ घर की ओर चल दिया। *

कविता
सूर्य कुमार पांडेय



## फूलों की रंगीन डाली है होली

अनोखी है होली, निराली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई फाग, कोई कबीरों में डूबा,
कोई है गुलालों-अबीरों में डूबा।
हरी, लाल, पीली है, काली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई खा गया, देखो मेवे फटाफट,
कोई कर गया सारे पापड़ सफाचट।
महापेटुओं वाली थाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
भुलाकर हर नफरत, गले मिलना सीखो,
हो तुम फूल तो, फूल-सा खिलना सीखो।
कि फूलों की रंगीन डाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।

## रंग भरो-146

**रंग भरो-146** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





जतिन, कोंडागांव



अंजलि, फरीदाबाद



पलक, धमतरी



गौरांग, रायपुर



अंकिता, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

संध्या साहू-दुर्ग, वेदिका-बालोद, पवन-जींद, हर्षिता-भोपाल, अमन-भिलाई, हरीश-जबलपुर, पूजा-रोहतक, मलाइका-कोरबा, अनिल-दिल्ली, वैदेही-रायपुर, प्रकाश-करनाल, राजू-डोंगरगढ़, प्रतिमा-जशपुर, अभिलाषा-महेंद्रगढ़, रानी-बस्तर, राजेश-दुर्ग

## रंग भरो 147



बच्चों, यहां पर पिचकारी में रंग भरकर होली खेलते हुए एक बच्चे का चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में कई सारी पिचकारियां दिख रही हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर बताना है कि चित्र में पिचकारियों की कुल संख्या कितनी है?



उत्तर: 30 पिचकारियां

## खबर संक्षेप



### नेकीराम कॉलेज में वाद विवाद स्पर्धा, संजना प्रथम

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के राजनीतिक विभाग द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर सुरेश दहिया, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर वजीर सिंह ने निभाई। प्राचार्य डॉक्टर लोकेश बल्हारा ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संजना ने प्रथम, अनुराग ने द्वितीय, रोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### कविता पाठ में जाट कॉलेज की खुशी प्रथम

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में हुई अंतर महाविद्यालय कविता पाठ प्रतियोगिता में जाट कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। वीरवार को कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में छात्रा खुशी ने प्रथम स्थान और छात्र जतीन मलिक ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### जाट कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय वन दिवस

**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्लेनेट अर्थ संस्था की ओर से कॉलेज में नीम, गुलमोर, शहतूत, फाईक्स के पेड़ पौधे लगाए गए। कॉलेज प्रांगण में प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर डॉ. जोगेंद्र दहिया, डॉ. विवेक दांगी व कॉलेज के सभी माली सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### संस्कारों से होती है संसार की संरचना : बीके प्रेम

**रोहतक।** नरेन्द्रा विहार कुताना स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज गीता पाठशाला में वरिष्ठ महिलाओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित बीके प्रेम बहन ने उपस्थित महिलाओं को पवित्रता मुकुट पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि परमपिता परमात्मा शिव ने आपको ताजधारी बनने का आशीर्वाद दिया है। क्योंकि वंदे मातरम् माताओं के लिए गाया गया है। माता अन्नपूर्णा, करूणामई, दया का सागर, ममता का सागर, जगत जन्नी होती है। वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र सिंह नांदल ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार प्रस्तुत किए और बच्चों को संस्कारवान बनाने का संदेश दिया।

### जमा ऋण अनुपात के लक्ष्य से अधिक मिला

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बैंकों में जमा ऋण अनुपात के लक्ष्य से अधिक उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया और बैंकर्स को समीक्षा बैठक में दिशा-निर्देश भी दिए। अजय कुमार जिला विकास भवन के सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री, जिला स्तरीय सुरक्षा समिति व जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। प्राथमिक क्षेत्र व कृषि ऋण के लक्ष्यों व उपलब्धियों पर चर्चा की।

### मदवि की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया

# मेरिट सूची में तानिया प्रथम व मनीषा द्वितीय

### टीकाराम कन्या महाविद्यालय में एमए मनोविज्ञान की 12 छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

टीकाराम शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दहिया व कॉलेज प्राचार्या डॉ. संतोष राठी ने सभी छात्राओं को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

टीकाराम कन्या महाविद्यालय में एमए मनोविज्ञान की 12 छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविधालय की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। प्रथम वर्ष द्वितीय समेस्टर की छात्रा तानिया नें प्रथम व मनीषा ने द्वितीय, रिंकी ने 5वां, शिवानी ने 6वां, अंजली ने 7वां, रोजी ने 8वां, योगिता ने 9वां स्थान प्राप्त किया। टीकाराम शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दहिया व कॉलेज प्राचार्या डॉ. संतोष राठी ने सभी छात्राओं को बधाई दी। इस मौके पर मनोविज्ञान विभाग की प्राध्यापिका अनु व विशाखा मौजूद रही।



**सोनीपत।** मेरिट सूची में स्थान बनाने वाली छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

**वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, उत्सुक रहे छात्रः सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में वीरवार को सभी कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर सभी अभिभावकगण विद्यालय में उपस्थित रहे। सभी अभिभावक अपने बच्चे की वार्षिक उपलब्धि को जानने के लिए उत्सुक नजर आए। कार्यक्रम की शुरआत दीप प्रज्वलन एवं कुछ प्रस्तुतियों के माध्यम से हुई। स्कूल में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। उन्हें ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने अपने बच्चों की बारें में पूरी जानकारी ली।



**सोनीपत।** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

# नियति अव्वल, पार्थ द्वितीय

### गांव रोहणा में स्वस्थ बालक स्वस्थ समाज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

रोहणा गांव में पोषण पखवाड़ा के तहत स्वस्थ बालक स्वस्थ समाज प्रतियोगिता आयोजित की गई। सुपरवाइजर पूजा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में नवजात से एक वर्ष के बच्चों व माताओं को आमंत्रित किया गया। सभी बच्चों की लंबाई व वजन किया गया। सभी माताओं को स्तनपान व ऊपरी आहार के बारे में जानकारी दी गई है। पोषण आहार के बारे में रैली निकालकर महिलाओं को जागरूक कर शपथ दिलाई गई है। प्रतियोगिता में नियति पुत्री विकास ने प्रथम, पार्थ पुत्र प्रमोद ने द्वितीय, हेमंत पुत्र सचिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। सभी विजेता बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया है।



**खरखौदा।** कार्यक्रम में शामिल महिलाएं, बच्चे व आंगनबाड़ी वर्कर्स।

### नालंदा वर्ल्ड स्कूल में तनाव रहित विषय पर कार्यशाला



**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा वर्ल्ड स्कूल में गुरुवार को तनाव रहित विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में शिक्षकों को तनाव रहित रहने के टिप्स दिए गए। वक्ता अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक आशीष व मिसेल साइमन थे। नेतृत्व स्कूल की एमडी रीना मलिक का रहा। संयुक्त अध्यक्षता नालंदा इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह मलिक और नालंदा वर्ल्ड स्कूल की प्राचार्या अनुपमा चौधरी ने की। वक्ता आशीष ने कहा कि आज हम तनाव ग्रस्त होते जा रहे हैं, जिससे हमारी जीवनशैली प्रभावित हो रही है। तनाव के चलते मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है। मिसेल साइमन ने कहा कि तनाव से मुक्त रहने का सबसे अच्छा उपाय नियमित रूप से योग करना है। उन्होंने कहा कि योग तनाव को कम करता है और हमारा स्वास्थ्य सही रहता है।

*फोटो:हरिभूमि*

# नशे के विरुद्ध जागरुकता रैली निकाली

- कन्या गुरुकुल वमावि में एनएसएस का 7 सात दिवसीय शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. सुमिता सिंह रहीं। उन्होंने मोबाइल एक वरदान या अभिशाप विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को मोबाइल के सकारात्मक प्रयोग करने की नसीहत दी। मुख्य अतिथि ने शिविर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में अव्वल आने वाली स्वयंसेविकाओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने एनएसएस के संदेश -स्वयं से पहले आप के भाव को जीवन में स्थायी रूप से अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिविर के दौरान स्वयंसेविकाओं ने गीत, कविताएं, नृत्य व नुक्कड़ नाटक आदि द्वारा नागरिकों को मतदान व साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। साथ ही नशे के विरुद्ध भी जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी बबली, नीलम और शालिनी उपस्थित रहे।



**गोहाना।** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते हुए प्राचार्या डॉ. सुमिता सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

### आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म अदा की

**गोहाना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गुरुवार को शहर की ठाकुर बस्ती स्थित आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म की गई। भावी माताओं को अपनी और अपने शिशु की अच्छी सेहत के साथ सुरक्षित प्रसूति के लिए अच्छी खुराक लेने की सलाह दी गई।

गोद भराई की रस्म में गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें परामर्श दिया गया कि वे ज्यादा से ज्यादा हरी सब्जियों का सेवन करें। गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ करने के लिए उपयोगी टिप्स भी दिए गए। गोद भराई की रस्म में सुमन, राजवंती, निर्मला, कमलेश, सरोज, सुनीता, ललिता, बबली, उषा, रेणु, सुनील और प्रेम का विशेष सहयोग रहा।

# शिक्षा के चहुंमुखी विकास का महत्व बताया

- लिटल एंजल्स स्कूल में हवन का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में वीरवार को नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए धूमधाम से शाला प्रवेश (हवन) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विद्यालय की यज्ञशाला में सभी बच्चों से हवन की पुण्य अग्नि में आहुति दिलवाई गई। तत्पश्चात मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर उनकी आराधना की गई। अध्यापिकाओं ने नन्हे मुन्नों को तिलक लगाया व स्नेह आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय में आए सभी अभिभावकों को विद्यालय की गतिविधियों व विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी बच्चों को शिक्षा के चहुंमुखी विकास का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन उस नींव के समान है, जिस पर जीवन रूपी भवन का निर्माण होता है। इसलिए शिक्षा व सुसंस्कारों के द्वारा ही विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त करता है। उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने सभी उपस्थित अभिभावकों का धन्यवाद किया।



**सोनीपत।** कार्यक्रम में अभिभावकों एवं बच्चों के साथ स्कूल प्राचार्या तथा अन्य।

# फ्लैग मार्च निकालकर दिया सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए पुलिस प्रशासन भी तैयारियों पर जोर दे रहा है। चुनाव को ध्यान में रखते हुए झज्जर जिले को केंद्रीय पुलिस बल की दो कंपनियां प्राप्त हुई हैं। सीआरपीएफ व आईटीबीपी की कंपनियां यहां पहुंच चुकी हैं। वीरवार को अर्द्धसैनिक बलों की कंपनियों ने मोर्चा संभाल लिया। स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर बहादुरगढ़ में फ्लैग मार्च निकाला गया। तमाम थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। शहरी क्षेत्र में जहां पैदल ही पुलिस व अर्द्धसैनिक जवान सड़कों पर उतरे तो गांवों में वाहनों के काफिलों के साथ मार्च निकाला गया। पुलिस उपायुक्त मंयक मिश्रा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीआरपीएफ व आईटीबीपी की दो कंपनियां प्राप्त हुई है। इलाके के तमाम थानों की पुलिस भी फ्लैग मार्च में शामिल थी। आसौदा, छारा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भी सुरक्षा का संदेश दिया गया। शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस, प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। इलाके में किसी भी सूरत में शांति भंग नहीं होने दी जाएगी।

# एक साल में दिल्ली से नेपाल पहुंचाए पांच हजार से ज्यादा मोबाइल, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- क्राइम ब्रांच ने आरोपियों से 473 मोबाइल फोन किए बरामद

क्राइम ब्रांच ने दिल्ली से चोरी और छीने गए मोबाइल फोन को नेपाल में खपाने वाले रैकेट में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे 473 मोबाइल फोन बरामद हुये हैं। दो आरोपी नेपाली मूल के भी बताये गये हैं। इस रैकेट के पकड़े जाने से दिल्ली एनसीआर के 91 मामले सुलझाने का दावा पुलिस की तरफ से किया गया है। आरोपियों की दो कार भी जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार पकड़े गये लोगों में चंपावत, उत्तराखंड निवासी पारस जोशी, नेपाल निवासी इंदर बहादुर, मान सिंह, दिल्ली निवासी रविन्द्र मदान और सतीश शामिल हैं। इनके पास से मिले 280 मोबाइल दर्ज मामलों से कनेक्ट हुये हैं। तफ्तीश में खुलासा हुआ कि आरोपी इन मोबाइल फोन को नेपाल भेजते थे। इस गैंग में शामिल कुछ लोग पहले भी अरेस्ट किए जा चुके हैं। पूछताछ के दौरान पारस जोशी ने खुलासा किया कि वह मान सिंह के माध्यम से नेपाल निवासी उमेश के संपर्क में आया और मोबाइल दिल्ली से नेपाल भेजने लगा। हर डिलीवरी के एवज में उमेश उसे 10 हजार रुपए देता था। पारस और मान सिंह प्रत्येक शनिवार को दिल्ली में इंदर से मोबाइल फोन लेता था। इसके बाद पारस अपनी कार से उन्हें उत्तराखंड में भारत नेपाल सीमा पर पहुंचाता था। वहां से मान सिंह फोन को किश्तों में नेपाल के महेंद्र नगर ले जाता था। मान सिंह महेंद्र नगर में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की दुकान चलाता है और पिछले 4-5 सालों से उमेश के लिए काम कर रहा था। पिछले एक साल में पांच हजार से ज्यादा मोबाइल फोन नेपाल पहुंचाए जा चुके थे। पारस उत्तराखंड में मूर्गी फार्म भी चलाता है। आरोपी इंदर बहादुर उमेश का पड़ोसी है। वह उमेश के लिए पांच साल से काम कर रहा था। आरोपी सतीश बैटरी रिक्शा रिपेयर शॉप चलाता है।

# सर्फ एक्सेल के नाम पर बनाया जा रहा था नकली वाशिंग पाउडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- एक गिरफ्तार, साढ़े 11 हजार से ज्यादा पैकेट बरामद

उत्तर पूर्वी जिले की पुलिस ने 'सर्फ एक्सेल' के नाम पर नकली वाशिंग पाउडर बनाने की एक यूनिट का पर्दाफाश किया है। एक शख्स को अरेस्ट किया गया है। उसकी निशानदेही पर 11,640 पैकेट नकली पाउडर, 1470 किलो कच्चा माल, दो पैकेजिंग, सीलिंग व फिलिंग मशीनों के साथ एक टैंपो जब्त हुआ है। पकड़े गये शख्स का नाम शाहजहांपुर, यूपी निवासी श्यामू (29) बताया गया है। डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार 19 फरवरी को वाशिंग पाउडर बनाने और उसकी आपूर्ति के संबंध में शिकायत मिली थी। बताया गया कि कुछ लोग उनकी कंपनी के नाम से नकली पाउडर बना रहे हैं। इस बाबत



कॉपीराइट एक्ट से जुड़ी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जांच डीआईयू शाखा को सौंपी गई। पुलिस टीम ने भजनपुरा क्षेत्र में छापा मारा तो शिकायत सही पाई गई। एक आरोपी को दबोच नकली माल जब्त किया गया। शख्स ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह दिल्ली, एनसीआर और यूपी में इसकी आपूर्ति कर रहा था। इस धंधे में कुछ और लोग भी इसके साथ जुड़े हैं।

# वाइफ का लाइफ स्टाइल बेहतर करने ड्रग तस्करी के धंधे में उतरा, गिरफ्तार

- पुलिस से बचने के लिये मेट्रो और बाइक टैक्सी से करता था तस्करी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आईजीआई मेट्रो पुलिस ने ड्रग तस्करी के धंधे में शामिल एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सोनीपत निवासी निशांत बताया गया है। उसके पास से 740 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली चरस बरामद हुई। पुलिस पकड़े गये शख्स से पूछताछ कर ड्रग्स सप्लाई की चेन तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। डीसीपी रामगोपाल नायक के अनुसार सीआईएसएफ कर्मियों के द्वारा मेट्रो पुलिस को सूचना दी गई थी कि एक शख्स सेक्टर 10 मेट्रो स्टेशन पर बैग छोड़कर भाग गया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उस बैग को डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते से चेक कराया गया। बैग से 30 प्लास्टिक के पाउच निकले। उनमें चरस भरी हुई थी। मामले में आईजीआई मेट्रो स्टेशन थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आगे की छानबीन शुरू हुई और आखिरकार द्वारका सेक्टर 11 मेट्रो स्टेशन पर आरोपी शख्स ट्रेस कर लिया गया। 740 ग्राम चरस खानपुर स्थित उसके कमरे से बरामद हुई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह शादीशुदा है। लेकिन कमाई कम होने के कारण वह अपनी पत्नी को लाइफ स्टाइल अच्छा नहीं बना पा रहा था। इसने खानपुर इलाके में किराए पर कमरे भी लिया हुआ था।

**कार्यक्रम** राजीव जैन ने अल्पसंख्यक मोर्चा की नव गठित कार्यकारिणी बैठक को किया संबोधित

# भाजपा सरकार की 195 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा

अल्पसंख्यक समुदाय भी भाजपा के साथ मजबूती से खड़ाः जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

अल्पसंख्यक मोर्चा की नव गठित कार्यकारिणी बैठक को सम्बोधित करते हुए मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा है कि भाजपा सरकार की 195 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को बिना जात पात एवं धर्म भेद के बिना मिल रहा है, इसलिए अल्पसंख्यक समुदाय भी भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा है। पार्टी कार्यालय में मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष साहदीन खान सरपंच, जिला महामंत्री इनाम सरपंच, अहसान खान प्रधान व ईकबाल को बनाया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष अली हसन, रजत जैन, हरजीत सिंह व फिरोज खान, सचिव सनववर, वसीम खान, रत्ना मीर, सलाउद्दीन, कमल व इदरीस को बनाया गया। कोषाध्यक्ष वसीम खान, मीडिया प्रमुख प्रवक्ता महराजूदीन, आईटी प्रमुख तैयूब खत्री बनाया गया। राजीव जैन ने कहा है कि भाजपा सरकार की 195 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को बिना जात पात एवं धर्म भेद के बिना मिल रहा है, इसलिए अल्पसंख्यक समुदाय भी भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा है।



**सोनीपत।** नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ भाजपा नेता राजीव जैन, जसबीर दोदवा एवं अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर माईराम कौशिक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा, जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, जिला महामंत्री निशांत छोककर आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### दूध लेने गए युवक और ताई के साथ मारपीट

**गन्नौर।** बांय गांव में दूध लेने गए युवक के साथ शराब के नशे में दो युवकों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी। हमले में युवक घायल हो गया। घायल ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में बांय गांव निवासी सौरभ ने बताया कि वह 20 मार्च की रात को दूध लेने के लिए दुकान पर गया था। दुकान पर गांव के ही सुनील उर्फ सुंडी व रिंकू उर्फ जंगली शराब के नशे में खड़े थे। आरोप है कि सुनील व रिंकू उसके साथ गाली गलौच करने लगे। उसने विरोध किया तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की। बीच बचाव करने उसकी ताई के साथ भी आरोपितों ने मारपीट की। लोगों को आता देख दोनों आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### मुआवजे के लिए अदालत की शरण लेंगे किसान

**गोहाना।** फसलें खराब होने पर मुआवजा न देने से परेशान किसान बीमा कंपनी के विरुद्ध पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की शरण लेंगे। उपमंडलीय परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसानों ने बुधवार को यह निर्णय लिया। किसानों की फसलें खराब हो गई थीं और बीमा कंपनी ने मुआवजा देने की जगह उनका प्रीमियम वापस लौटा दिया था। भाकियू चढूनी के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल ने कहा कि 2021 व 2022 में जिले के हजारों किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा करवाया था। जुलाई 2022 में खरीफ के सीजन में किसानों ने बीमा करवाया था। कंपनी 60 दिन के भीतर किसानों का प्रीमियम वापस लौटा सकती है लेकिन नवंबर-दिसंबर में जब फसल कटाई प्रयोग हुआ काफी किसानों की फसल खराब मिली। उसके बाद कंपनी ने 1752 किसानों का बीमा रद कर दिया। जहां फसलें खराब नहीं हुई वहां पर लगभग 21 हजार किसानों का प्रीमियम कंपनी ने अपने पास रख लिया। अब राज्य की कमेटी बीमा कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर रही है। इस मौके पर पालाराम, रामकिशन, रमेश, कर्मबीर, जोगेंद्र, सतीश, बिजेंद्र सिंह, राजू, धर्मेंद्र मौजूद रहे।

# नेटबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा ने तेलंगाना को 31-15 से दी पटकनी

## प्रतियोगिता में हरियाणा, दिल्ली, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात महाराष्ट्र की टीमें हिस्सा ले रही



- फेडरेशन कप चैंपियनशिप के अंतिम दिन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम के लिए होगा
- पहले दिन हरियाणा और महाराष्ट्र के बीच हुआ था मुकाबला। जिसमें हरियाणा की टीम जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कन्या कॉलेज में 15 वीं फेडरेशन कप नेटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन नेटबॉल एसोसिएशन व कन्या महाविद्यालय के तत्वाधान में किया जा रहा है। चैंपियनशिप की शुरूआत हरिओम कौशिक अध्यक्ष राष्ट्रीय नेटबॉल डेवलपमेंट कमेटी और प्रेसिडेंट हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन, वागीश पाठक प्रेसिडेंट नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया, विजेंद्र सिंह सेक्रेटरी जनरल ,नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया, अशोक कुमार संयोजक, टूनामेंट कमेटी नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया, बबीता, वीरेंद्र दहिया प्राचार्य कन्या महाविद्यालय और डॉ.दर्शना की अध्यक्षता में हुई।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता में हरियाणा, दिल्ली, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात महाराष्ट्र सहित कुल 8 प्रदेशों की टीमें हिस्सा ले रही है। इस अवसर पर डॉ. दर्शना दहिया ने बताया कि फेडरेशन कप के लिए वही टीमें खेलती हैं जो सीनियर नेशनल में चयनित होकर आती हैं। फेडरेशन कप चैंपियनशिप के अंतिम दिन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम के लिए होगा। जिस भी खिलाड़ी का चयन होगा वह भारत की टीम में शामिल होने पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। पहले दिन का हरियाणा और महाराष्ट्र के बीच मैच हुआ। जिसमें हरियाणा की टीम विजय रही। दूसरे दिन के मुकाबले में हरियाणा व तेलंगाना के बीच मैच खेला गया। जिसमें 31-15 अंकों से हरियाणा ने मैच जीता। दूसरा मुकाबला हरियाणा व हिमाचल प्रदेश के बीच मैच खेला गया। जिसमें 21 -15 अंकों से हरियाणा विजय रहा। तीसरा मुकाबला हरियाणा व महाराष्ट्र के बीच मैच हुआ। जिसमें 21-28 से महाराष्ट्र ने मैच जीता। चौथा मुकाबला दिल्ली व उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया। जिसमें 40 -25 अंकों से दिल्ली की टीम विजय रही। इसके बाद तेलंगाना व हिमाचल प्रदेश के बीच मैच खेला गया। जिसमें 10 -20 के स्कोर से हिमाचल प्रदेश ने मैच जीता। अगला मुकाबला कर्नाटक व उत्तर प्रदेश के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें 25 -15 अंकों के स्कोर से कर्नाटक की टीम विजय रही। इस अवसर पर बी विक्रमादित्य रेड्डी संयोजक टेक्निकल कमेटी नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया, टीम कोच दीपक, सचिन, आदित्य, नरेंद्र तथा ऑफिशल्स संसार सिंह, प्रवीण, रॉबिन, हितेश, डॉ.प्रमिला डॉ.प्रदीप व सुमन उपस्थित रहे।



# आईआईटी और नीट की तैयारियों के लिए कक्षाओं का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिवा शिक्षा सदन में वीरवार को थॉमसन डिजीटल (क्यू एंड आई) के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों को लेकर कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को आज के समय की बड़ी जरूरत बताया।

उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिये कि वो प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियों के जरिये आप लोग प्रतियोगिता के साथ-साथ भविष्य के लिये भी तैयार होते हैं। जसबीर दोदवा ने विद्यालय के 50 वर्ष पूरी होने पर बधाई दी। इस दौरान क्यू एंड आई से सुनीत कुमार ने बताया कि गुरप द्वारा शिवा शिक्षा सदन में आईआईटी और डॉक्टरों की टीम कोचिंग देगी। अनुभवी शिक्षकों द्वारा कोचिंग देते हुए बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा के लिये तैयार किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान विद्यालय प्रबंधक वीरेन्द्र बंसल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सचिव हंसराज तनेजा, निदेशक अरुण बंसल, प्राचार्या अल्का विज आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर लावारिस पीड़ित पशु गोशाला में लगाए पौधे

- पौधारोपण की अध्यक्षता राष्ट्रीय वैदिक परमार्थ ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दास सैनी ने की तथा संयोजन ट्रस्ट के राष्ट्रीय महासचिव प्रेमलाल आर्य ने किया



गोहाना। पौधारोपण करते हुए ट्रस्ट के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर पानीपत रोड पर स्थित लावारिस पीड़ित गौमाता गौशाला के परिसर में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण की अध्यक्षता राष्ट्रीय वैदिक परमार्थ ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दास सैनी ने की तथा संयोजन ट्रस्ट के राष्ट्रीय महासचिव प्रेमलाल आर्य ने किया।

रामेश्वर दास सैनी ने कहा कि कार्बन डाइऑक्साइड जैसी विषैली गैस ग्रहण कर ऑक्सीजन जैसी प्राणवायु देने वाले पौधे अब खुद अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वानिकी पर्यावरण संतुलन का मूलाधार है। वन सम्पदा प्रकृति द्वारा दी गई एक बेशकीमती सौगात है। अगर हम ने इस उपहार की कीमत नहीं समझी, आने वाले वक्त में हमारी भावी पीढ़ियों को गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इस अवसर पर आजाद सिंह दांगी, मोनू सैनी आदि मौजूद रहे।

# थाने के सामने से दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में चोरों में पुलिस का भय खत्म होता जा रहा है। चोर सरेआम वारदातों को अंजाम देने में गुरेज नहीं कर रहे है। सिविल लाइन थाने के सामने निजी सवास्थ्य केंद्र के बहार खड़े दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग ख्रंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

जांटी निवासी नीरज तुषीर ने बताया कि वह सिविल थाने के सामने स्थित सत्यकिरण हेल्थ केयर में नौकरी करता है। गत 19 मार्च को सुबह करीब 9 बजे डयूटी पर पहुंचा। बाइक को सेंटर के पीछे खड़ा करके केंद्र पर आ गया। डयूटी पूरी होने के बाद वह बाइक के पास पहुंचा, लेकिन गली में खड़ी बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर वाहन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर दिया है। थाना प्रभारी सतबीर सिंह ने बताया कि दो-पहिया वाहन चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर कार्यवाही की जाएगी।

# तार चोरी आरोपित किया गिरफ्तार

- आरोपित से चोरी किए तार बरामद
- अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

क्राइम यूनिट सेक्टर-27 सोनीपत पुलिस ने मकान से बिजली की फीटिंग के तार चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सोनू उर्फ बूचा निवासी गाजीपुर हाल में दिल्ली कैंप का है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किए तारों को बरामद किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

गली नंबर-2 निवासी राधव शर्मा ने गत 3 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपना नया मकान बना रहा है। हाल में उसके मकान पर काम चल रहा है। गत 26 फरवरी को मकान पर ताला लगाकर काम से बाहर चला गया। उसके बाद तीन मार्च को मकान पर आकर देखा तो मकान के गेट पर लगा ताला नहीं खुला। उसने जांच की तो ताला दूसरा मिला। उसने ताला तोड़कर अंदर जाकर देखा तो सारा सामान गायब मिला। मकान की तीनों मंजिलों पर बिजली की फिट्टी व तारें चोरी मिली। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की जांच की। जिसमें चोरी करते हुए अज्ञात दिखाई दिए।

मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी राजेश की टीम ने धमेंद्र निवासी दिल्ली कैंप को पहले गिरफ्तार कर लिया था। वहीं वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के पास चोरी किए तारों को बरामद किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



**सोनीपत।** गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

# चोरों के निशाने पर खाकी का घर, पुलिस लाइन से बैट्रियां चोरी

## जिले के अलग-अलग थानों की पुलिस द्वारा पकड़े गए 10-12 वाहनों की बेट्री ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के गोहाना रोड स्थित पुलिस लाइन के अंदर स्थित मालखाना से चोरों ने पुलिस की नाक के तले चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने मालाखाना में अलग-अलग थानों की पुलिस द्वारा पकड़े गए वाहनों की बैटरियों पर हाथ साफ कर दिया।

माल खाना प्रभारी ने मामले को लेकर शहर थाना पुलिस के अंतर्गत कोर्ट कॉम्लेक्स चौकी पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि चोरों का कोई सुराग हाथ लग सके।

मालखाना इंचार्ज एसआई रमेश कुमार ने बताया कि वह बतौर व्हीकल मालाखाना ईचार्ज पुलिस लाइन सोनीपत में तैनात है। जिला सोनीपत के सभी थानों के व्हीकल 102 सीआरपीसी, 47 पुलिस एक्ट व मोटर व्हीकल एक्ट के तहत पकड़े गए व्हीकल पुलिस लाइन सोनीपत में मेरी तहवील में है। गत 20 मार्च को सुबह करीब 8 बजे व्हीकल मालखाना सोनीपत में पहुंचा। उसने मालखाने में देखा कि कुछ व्हीकलों के बोनट ऊपर उठे हुए है। उनके पास जाकर देखा तो वाहनों की बैटरी गायब मिली। करीब 10 से 12 व्हीकलों की बैटरी गायब मिली। अपने स्तर पर बैटरियों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सबसे सुरक्षित जगह मानी जाती है, गेट पर रहती है पुलिस की तैनाती पुलिस लाइन सोनीपत सबसे सुरक्षित जगह मानी जाती है। लाइन के मुख्य गेट पर 24 घंटे पुलिस कर्मचारियों की तैनाती रहती है।

मिली जानकारी के अनुसार अंदर बाहर आने-जाने वालों की पुलिस कर्मचारियों की तरफ से रजिस्ट्रर में इंट्री की जाती है। वही एक नहीं कई मालखाने पुलिस विभाग के परिसर में है। इतना ही नहीं पुलिस लाइन में सेंकड़ों पुलिस कर्मचारियों के क्वाटर व पुलिस अधिकारियों के आवास तक पुलिस लाइन में है। चोरों ने पुलिस की नाक के तले वारदात को अंजाम देकर पुलिस के लिए चुनौती खड़ी कर दी है।



**सोनीपत।** पुलिस लाइन मालाखाने में खड़े वाहन की चोरी हुई बैटरी। फोटो : हरिभूमि

### मिली है शिकायत

पुलिस लाइन मालखाना परिसर में खड़े वाहनों की बैटरी चोरी की शिकायत मिली है। जिस पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द चोरों का पता लगाकर गिरफ्तार किया जाएगा।

**-एसआई बलवान सिंह,** जांच अधिकारी



# 75 वर्षीय चरण सिंह और 80 वर्षीय खेतू रहे भूख हड़ताल पर

**गोहाना।** कथूरा गांव में चल रहे अनिश्चितकालीन धरने पर गुरुवार को 75 वर्षीय चरण सिंह और 80 वर्षीय खेतू भूख हड़ताल पर रहे। धरने पर बैठे किसानों ने सरकार से किसान आंदोलन में गिरफ्तार किए गए गांव कथूरा निवासी किसान-मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय युवाध्यक्ष अक्षय नरवाल व दो अन्य युवा किसानों की रिहाई की मांग की। किसान अक्षय नरवाल, जिला रोहतक के गांव मदीना और कोयल गांव के युवा किसान प्रवीन व विक्रम को पुलिस द्वारा 13 फरवरी को खनौरी बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया था। धरने पर बैठे गांव कथूरा निवासी किसान शमशेर सिंह नरवाल, राज सिंह नरवाल, सोनू, रामचंद्र और रमेश ने कहा कि अक्षय नरवाल जेल में भूख हड़ताल पर हैं। इसी तर्ज पर धरने पर भी क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की गई है। इस क्रम में रोजाना दो किसान धरने पर भूख हड़ताल पर रहते हैं। सुरजीत, सत्तू नरवाल, सतीश, राजेंद्र और बलजीत सिंह ने कहा कि सरकार किसानों का दमन करने में लगी है। इस अवसर पर महावीर, राजा नंबरदार, रामकरण, गोल्डी पंच, सुनील और रामकिशन सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# स्वस्थ मुख स्वस्थ शरीर का आधार : डॉ. सुनैना



**गोहान।** गांव खानपुर कलां की पीएचसी की टीम इसी गांव में स्थित अनाथ आश्रम सपना बाल कुंज में पहुंची। टीम ने इस अनाथ आश्रम में रह रहे बच्चों के दांतों का परीक्षण किया तथा उनमें ब्रश के साथ टूथपेस्ट वितरित किए। स्वास्थ्य विभाग की टीम का नेतृत्व दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनैना ने किया। डॉ. सुनैना ने विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर बच्चों को कहा कि स्वस्थ मुख एक स्वस्थ शरीर का आधार है। उन्होंने अनाथ बच्चों को ब्रश करने की सही तरीका सिखाया। उन्होंने कहा कि दिन में न्यूनतम दो बार ब्रश करना चाहिए तथा भोजन करने के बाद भी ब्रश जरूर करना चाहिए। डॉ. सुनैना ने प्रोसेस्ड फूड, बिस्कुट, भुजिया का कम से कम इस्तेमाल करने की सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अनाथ आश्रम के कर्मचारियों के दांतों की भी जांच की। इस अवसर पर हेल्थ इंस्पेक्टर कर्मबीर सिंह, एएनएम सुनीता, नर्सिंग अधिकारी अनिता और पूनम भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## निबंध प्रतियोगिता में मनवाया प्रतिभा का लोहा

# सारिका ने पाया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव राज्य स्तरीय कार्यक्रम जो कि कुरूक्षेत्र में आयोजित हुआ, उसमें हरियाणा राज्य के सभी जिलों से कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में सारिका ने निबंध प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर सोनीपत जिले व प्रताप स्कूल खरखौदा का नाम रोशन किया।

### छात्रा को किया सम्मानित

तीसरा स्थान प्राप्त करने पर सारिका को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा इनाम स्वरूप 2100 रू का चैक देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रांगण में प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, डॉ. दीपिका दहिया व विद्यालय स्टॉफ ने सारिका इस उपलब्धि पर स्वागत किया। सभी ने सारिका निलौठी को बधाई दी। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने बताया कि सारिका एक मेधावी छात्रा है। इससे पहले सारिका ने ब्लॉक स्तर पर गीता महोत्सव कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करके 500 रुपये, जिला स्तरीय गीता महोत्सव कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 2100 रुपये का इनाम प्राप्त किया था। सारिका की दादी ने बताया कि प्रताप स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं को देखते हुए हमने सारिका का प्रवेश प्रताप विद्यालय में करवाया था। परिजनों इस उपलब्धि का श्रेय प्रताप स्कूल प्रबंधन समिति को दिया है।




**खरखौदा।** सारिका का स्वागत करते प्रताप स्कूल प्रबंधन। फोटो : हरिभूमि

# खरखौदा सरपंच एसोसिएशन ने एकजुट होकर मनाई तिलक होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

खरखौदा सरपंच एसोसिएशन प्रधान आशीष दहिया के नेतृत्व में गुरुवार को खरखौदा ब्लॉक के सरपंचों के साथ राजवंश वाटिका में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सरपंचों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर तिलक होली मिलन समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर सरपंच जोगेंद्र सिंह, योगेश, राकेश, वीरेंद्र, कृष्ण, बबलू, अजय, सहित लगभग सभी गांवों के सरपंचों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारियों को भी शामिल किया और सभी के लिए लंच की व्यवस्था की गयी थी। खरखौदा ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन प्रधान आशीष दहिया ने कहा कि होली का त्योहार सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए। सरपंच भी अपने गांव में सद्भावनापूर्वक होली का त्योहार मनाए और पानी को दूषित होने से बचाए। रासायनिक रंगों का कम से कम प्रयोग करें, ताकि गांव में किसी भी तरह का लड़ाई झगड़ा ना हो। सरपंचों द्वारा इस तरह का कार्यक्रम करके आपस में भाईचारे का संदेश देना था।